सार-समाचार

सामूहिक विवाह समारोह तैयारी जोरों पर

जालोर , (कासं)। आगामी आखातीज रविवार को श्रीयादे सेवा संस्थान के तत्वावधान में आयोजित मारू कुम्हार समाज के सामूहिक विवाह की तैयारिया जोर शोर से जारी ह । संस्थान सचिव किशोर देवडा ने बताया कि बुधवार रात्री को प्रजापत छात्रावास में संस्थान अध्यक्ष नरपतलाल आर्य की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सामूहिक विवाह की तैयारियो को अंतिम रूप प्रदान करते हुए विभिन्न कमेटियों का गठन किया गया। ताकि विवाह कार्यक्रम सफलता पूर्वक सम्पन्न हो सके । इसके लिए चवरी मंडप व तोरण व्यवस्था कमेटी में फुलाराम सियोटा, भानाराम देवडा, गोकुल देवडा, सुरेश पोनेचा व मोहन सियोटा,पंचों की जाजम व्यवस्था कमेटी में चंपालाल देवडा,सुरेशकुमार बडवाल, वचनाराम देवडा व शांतिलाल सियोटा, मंच संचालन व्यवस्था कमेटी में नरपत आर्य, ओमप्रकाश आर्य व महेंद्र राठौड, रोकड शाखा कमेटी में कन्हैयालाल मेवाडा, शंकरलाल देवडा, ललित देवडा व मदनलाल मेवाडा, चाय-पानी व्यवस्था कमेटी में विक्रम देवडा, पुखराज टांक व भगवानाराम बडवाल, कन्यादान सामग्री वितरण व्यवस्था कमेटी में शांतिलाल पोनेचा, श्याम देवडा, महेन्द्र मेवाडा और नरेन्द्र सियोटा, भोजन व्यवस्था कमेटी में किशोर देवडा , डायाराम बडवाल,उत्तम देवडा, मुकेश देवडा, प्रवीण मारू व रवि देवडा और एम मीडिया कवरेज कमेटी में हितेश माल को जमिदारी दी गई । किशोर देवडा ने बताया कि अब तक हुई तैयारियो के तहत सामूहिक विवाह में भाग लेने वाली 12 कन्याओं के परिवारजनों को आमंत्रण पत्रिकाओं का वितरण किया जा चुका है। अब तक के पूर्व व वर्तमान के भामाशाहो, विज्ञापनदाताओं, कन्यादान सामग्री के सहयोगियों, समाज के पंच पटेलों और अधिकारी- कर्मचारी गणों को भी आमंत्रण पत्रिका देकर आमंत्रित किया गया है । सामूहिक विवाह स्थल भी टेंट से सजने लगा है।

नव आरक्षी प्रशिक्षुओं ने ली शपथ

जोधपुर, (कासं)। राजस्थान पुलिस प्रशिक्षण केंद्र (आरपीटीसी) में गुरुवार सुबह नव आरक्षी प्रशिक्षुओं का दीक्षांत परेड समारोह आयोजित किया गया। समारोह का आयोजन सुल्तान सिंह स्टेडियम में किया गया, जिसमें बैच 90-91 के प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। आरपीटीसी के प्रधानाचार्य डॉ. महावीर सिंह राणावत ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम आरपीटीसी के उप महानिरीक्षक देवेंद्र कुमार बिश्नोई के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि द्वारा परेड की सलामी ली गई और प्रशिक्षुओं के अनुशासन एवं प्रदर्शन की सराहना की गई। समारोह के दौरान पुलिस बैंड की मधुर धुनों के बीच परेड निरीक्षण किया गया तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षुओं को पारितोषिक प्रदान कर सम्मानित किया गया। दीक्षांत समारोह के मुख्य आकर्षण के रूप में नव आरक्षी प्रशिक्षुओं ने देश सेवा की शपथ ली और कर्तव्यनिष्ठा के साथ जनता की सेवा का संकल्प व्यक्त किया।

बाल विवाह रोकने के लिए कसी कमर

जोधपुर, (कासं)। बाल विवाह की रोकथाम के लिए जोधपुर जिले में व्यापक स्तर पर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की गई है। जिला प्रशासन द्वारा सभी संबंधित विभागों, पुलिस अधिकारियों एवं संस्थाओं को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर सुदृढ़ निगरानी एवं त्वरित कार्रवाई की व्यवस्था लागू की गई है। जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट आलोक रंजन द्वारा अक्षय तृतीया (19 अप्रैल) एवं पीपल पूर्णिमा (एक मई) के मद्देनजर आदेश जारी कर बाल विवाह की रोकथाम के लिए उप नियंत्रक, नागरिक सुरक्षा कार्यालय में नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। यह नियंत्रण कक्ष 16 अप्रैल से 15 मई तक 24 घंटे कार्यशील रहेगा। नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नंबर निर्धारित किए गए हैं। जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट के आदेशानुसार बाल विवाह की प्रभावी रोकथाम के लिए ग्राम एवं तहसील स्तरीय समितियों तथा सतर्कता दलों का गठन किया गया है। ग्राम स्तरीय समिति में सरपंच, ठाम विकास अधिकारी, पटवारी एवं बीट कांस्टेबल को शामिल किया गया है,जबकि तहसील एवं पंचायत समिति स्तर पर तहसीलदार, प्रधान, विकास अधिकारी एवं संबंधित थानाधिकारी को सदस्य बनाया गया है।

वरिष्ठ शाखा प्रबंधक के मकान में चोरी

जोधपुर, (कासं)। शहर के विवेक विहार स्थित ई सेक्टर में बैंक ऑफ बड़ौदा के वरिष्ठ प्रबंधक के सूने घर में चोरी हो गई। अज्ञात चोर घर से पांच तोला सोने के आभूषण और दस हजार की नगदी चुरा ले गए। इस बारे में विवेक विहार थाने में मामला दर्ज कराया गया। विवेक विहार पुलिस ने बताया कि मूलतः गुजरात हाल ई सेक्टर निवासी जितेंद्र गहलोत की तरफ से रिपोर्ट दी गई है। इसमें बताया गया है कि वे गुजरात के वडोदरा में बैंक ऑफ बड़ौदा में वरिष्ठ प्रबंधक पर कार्यरत है। 9 अप्रैल को उनकी पत्नी बच्चों को ननिहाल छोडक़र वडोदरा आ गई थी। इस बीच 10 अप्रैल की रात अज्ञात चोरों ने मकान के ताले तोडक़र अंदर प्रवेश किया और करीब पौने पांच तोला सोने के आभूषण जिसमे सवा तोला वजनी मंगलसूत्र, एक तोला वजनी गले का नेकलेस, अंगूठी, टीका, कानों की बाली , नोज पिन व चांदी की अंगूठी सहित करीब 10 हजार रुपए नकद एवं अन्य सामान चोरी कर ले गए। घर में चोरी की जानकारी पड़ौसी द्वारा दिए जाने पर वे यहां पहुंचे। पुलिस ने मौका मुआयना किए जाने के साथ अब सीसीटीवी फुटेज से चोरों की पहचान आरंभ की है।

गुरू मंदिर का वर्षगांठ महोत्सव आज से

जालोर, (कासं)। स्वामी आत्मानंद सरस्वती गुरु मंदिर, रेलवे ब्रिज के पास आहोर रोड जालोर के प्रतिष्ठा महोत्सव की पंद्रहवीं वर्षगांठ 17 व 18 अप्रेल को धूमधाम से मनाई जाएगी। वर्षगांठ की तैयारियां पूरी कर ली गई है। वर्षगांठ पर ब्रह्मलीन स्वामी आत्मानंद सरस्वती महाराज एवं ब्रह्मलीन स्वामी मोहनानंद सरस्वती महाराज का स्मरण किया जाएगा। इसके साथ ही, ब्रह्मलीन स्वामी मोहनानंद महाराज की मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव की बारहवीं वर्षगांठ भी धूमधाम से मनाई जाएगी। ट्रस्ट के महामंत्री नैनसिंह सांकरणा ने बताया कि वर्षगांठ को लेकर 17 अप्रेल शाम से भक्तों का आगमन होगा। रात्रि 9 बजे से भजन गायकों की ओर से भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। दूसरे दिन18 अप्रेल को सवेरे गुरुमंदिर एवं समाधि छत्री पर ध्वजारोहण किया जाएगा। इसके उपरांत गुरुवर को पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी, जिसके बाद महाआरती और महाप्रसादी का वितरण होगा। महोत्सव के गादीपति स्वामी रामानन्द महाराज, ट्रस्ट अध्यक्ष दण्डी स्वामी देवानन्द सरस्वती, स्वामी ब्रह्मानंद महाराज समेत गुरुदेव के शिष्यगणों के सान्निध्य में वर्षगांठ का आयोजन धूमधाम से होगा।

रॉयल्टी कर्मचारियों पर मारपीट के आरोप

रेवदर, (निसं)। रेवदर में रॉयल्टी कर्मचारियों पर ट्रैक्टर चालक के साथ मारपीट और बदसलूकी के गंभीर आरोप लगे हैं। देवका जीरावल निवासी ट्रैक्टर चालक ने राजस्थान पुलिस के रेवदर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित के अनुसार, 14 अप्रैल की शाम वह ट्रैक्टर-ट्रॉली के साथ गांव लौट रहा था। तभी मीठन चौराहे के पास एक कैंपर गाडी ने रास्ता रोक लिया। आरोप है कि गाडी से उतरे 12-13 लोगों ने बजरी परिवहन को लेकर पूछताछ के बाद चालक और उसके साथी कानाराम के साथ मारपीट की। साथ ही ट्रैक्टर की चाबी, मोबाइल छीनने और जातिसूचक शब्दों से अपमानित करने के भी आरोप लगाए गए है।

जनगणना के लिए प्रशिक्षण प्रारम्भ

जालोर, (कासं)। जनगणना 2027 के सफल क्रियान्वयन के लिए जिले के 66 फील्ड ट्रेनर्स में से 37 फील्ड ट्रेनर्स के प्रथम बैच का तीन दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ 15 अप्रैल से औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आई.टी.आई.) जालोर में जनगणना कार्य निदेशालय के जिला समन्वयक उमेश विश्वकर्मा, उप जिला जनगणना अधिकारी किशन सिंह एवं अति. जिला शिक्षा अधिकारी प्रकाशचन्द्र दवे की उपस्थिति में हुआ। प्रशिक्षण में राज्य स्तर पर प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर्स बसंत कुमार ओझा एवं राजेन्द्र सिंह फील्ड ट्रेनर्स को गहन प्रशिक्षण दे रहे हैं। सभी स्तर कें प्रशिक्षणों की समाप्ति पश्चात प्रथम डिजिटल जनगणना राज्य में 16 मई से प्रारम्भ हो जाएगी। इससे पूर्व स्व-गणना का कार्य 1 मई से 15 मई तक चलेगा।

प्रदर्शन कर रोष जताया

जोधपुर, (नि.सं.)। गुरूवार को केन्द्रीय नेतृत्व के आहवान पर अखिल भारतीय डाक तार एवं केन्द्र सरकार पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन के नेतृत्व में अपनी विभिन्न मांगों को लेकर सरदारपूरा टेलीकॉम बिल्डिंग कै सामने जोधपुर(राज)में सेवारत व सेवा निवृत कर्मचारी ,अधिकारीगण व समस्त जोईन्ट फोरम के साथियों ने एक दिन का प्रर्दशन कर सरकार के प्रति रोष प्रकट किय। सभा को रमेश चन्द्र ओझा व भीखा राम विश्नोई ने संभोदित किया। 1जनवरी 26से व नही दिया गया है तथा 3 भी नहीं दिया गया जिस से सभी में रोष है। सभा का सभा का संचालन डॉ अनिल तिवारी ने किया। मनोज मीना ने सभी का आभार व्यक्त किया।

जालोर से दिल्ली के लिए ट्रेन का संचालन शीघ्र : अमिताभ

जालोर, (कासं)। उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अमिताभ सिंह ने कहा कि जालोर से दिल्ली के लिए सीधी रेल सेवा का संचालन जल्द शुरू किया जाएगा। रेल मंत्रालय द्वारा भुज दिल्ली के बीच नई ट्रेन को मंजूरी मिल चुकी है, जिससे इस रूट पर शीघ्र ही ट्रेन दौडती नजर आएगी। ये बात महाप्रबंधक अमिताभ सिंह ने गुरुवार को समदडी-भीलडी रेलखंड पर चल रहे विकास कार्य को लेकर निरीक्षण के दौरान जालोर पहुंचने पर पत्रकारो के सवाल पर कही।

सिंह ने कहा कि दिल्ली के लिए नई रेल सेवा शुरू होने से जालौर सहित आसपास के क्षेत्रों के यात्रियों को बडी राहत मिलेगी। दिल्ली के लिए सीधी कनेक्टिविटी मिलने से न केवल यात्रा आसान होगी, बल्कि व्यापार और आवागमन को भी नया बढावा मिलेंगा

महाप्रबधक सिंह ने अमृत भारत योजना के कार्यों का भी लिया जायजा लिया साथ ही उन्होंने भीलडी, रानीवाडा, भीनमाल, मोदरा, जालोर, समदडी, लूणी, जोधपुर रेलखंड का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ट्रैक की स्थिति, यात्री सुविधाओं और रेलवे व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की। सिग्नल प्रणाली, कंट्रोल पैनल और अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चल रहे विकास कार्यों का भी निरीक्षण किया। स्टेशन परिसर में निर्माण कार्य, साफ-सफाई, प्लेटफॉर्म सुधार, प्रतीक्षालय सहित विभिन्न सुविधाओं की बारीकी से जांच की गई और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

रेलवे प्रशासन का कहना है कि जालौर रेलवे स्टेशन को आधुनिक सुविधाओं से लैस कर यात्रियों को बेहतर अनुभव देना प्राथमिकता है।

जालौर विधायक एवं सरकारी मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों ने भी नई ट्रेन शुरू करने और संचालित गाडियों के विस्तार को लेकर ज्ञापन सौंपा। मुंबई के लिए दैनिक ट्रेन की मांग

इस बीच जालौर विधायक एवं सरकारी मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने मुंबई के लिए दैनिक ट्रेन चलाने की मांग उठाई है। जालोर जिले से बडी संख्या में लोग रोजगार, शिक्षा और व्यापार के लिए मुंबई, बैंगलुरु और चेन्नई जैसे महानगरों की यात्रा करते हैं, लेकिन सीधी और नियमित ट्रेन सुविधा नहीं होने से यात्रियों को परेशानी उठानी पडती है। जालौर से बैंगलुरु और चेन्नई के लिए सप्ताह में तीन दिन ट्रेन चलाई जाए, ताकि यात्रियों को सुगम और सुरक्षित यात्रा सुविधा मिल सके। इससे क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास को भी गति मिलेगी।

महाप्रबंधक अमिताभ सिंह ने भीलडी समदडी लूणी जोधपुर रेलखंड का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

इस दौरान समदडी भीलडी रूट क्षेत्र के प्रतिनिधियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों ने भी रेल सेवाओं के विस्तार को लेकर ज्ञापन सौंपे। अगर प्रस्तावित रेल सेवाएं शुरू होती हैं, तो जालौर सहित आसपास के क्षेत्रों के यात्रियों को बडी राहत मिलेगी। दिल्ली, मुंबई और दक्षिण भारत के शहरों से सीधी कनेक्टिविटी मिलने से यात्रा आसान होने के साथ व्यापार और रोजगार के अवसर भी बढेंगे।

जालौर पहुंचने पर जालोर रेलवे स्टाफ ने महाप्रबंधक का साफा व माला पहनाकर स्वागत किया। इसके बाद जनप्रतिनिधियों व संगठनों ने भी उनका स्वागत किया। निरीक्षण के बाद वे जोधपुर के लिए रवाना हो गए।

समदडी भीलडी पाटन मेहसाणा रूट क्षेत्र के प्रतिनिधियों ने महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपते हुए रेल सुविधाओं के विस्तार और नई ट्रेनों के संचालन की मांग रखी। इस मौके पर हिराचन्द भंडारी, गोपाल जोशी, नाथु सोलंकी, प्रेमाराम देवासी, हंसमुख नागर, चारुल शर्मा सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

अमिताभ के दौरे के दौरान ग्रेनाईट एसोसिएशन जालोर की ओर से रेल्वे से सम्बधित विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौपा1

एसोसिएशन ने ज्ञापन के माध्यम से समदडी जालोर भीलडी रेल खण्ड पर रेलव सुविधाओं के विस्तार , जालोर रेल्वे स्टेशन पर यात्रियो को बेहतर सुविधाए उपलब्ध कराने तथा जालोर फालना नई रेल लाईन को शीघ्र प्रारम्भ करनेकी मांग रखी।

साथ ही जालोर से देश के प्रमुख शहरो के लिए नई रेल सेवाए शुरु करने की आवश्यकता भी बताई गई जिससे जालोर जिले के उधोन व्यापार और यात्रियो को सुविधाए मिल सके। ग्रेनाईट एसोसिएशन ने बताय ाकि जालोर प्रदेश का एक महत्वपूर्ण औद्योगिक क्षेत्र है और यहां बड़ी संख्या में देशभर से व्यापारी आते है लेकिन पर्याप्त रेल सेवाएं उपलब्ध नही होने के कारण उन्हे कठिनाईयां का सामना करना पडता है। इसलिए रेल सेवाओं के विस्तार की आवश्यकता है।

ग्रेनाईट एसोसिएशन जालोर के सचिव अरविन्द चौधरी, उपाध्यक्ष हरबंशसिंह व सहसचिव योगेन्द्र धौलपुरिया उपस्थित रहे।

श्रेयांश त्रिवेदी की स्मृति में 100 यूनिट रक्तदान

पाली, (नि.सं.) गुरूवार को श्रेयांश त्रिवेदी स्मृति समिति, पाली व परशुराम जन्मोत्सव समिति पाली के तत्वावधान में श्रेयांश त्रिवेदी की पांचवी पुण्यतिथि पर कृष्ण विद्या मंदिर विद्यालय प्रांगण में प्रातः 8 बजे से 2 बजे तक रक्तदान शिविर व चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

जयशंकर त्रिवेदी ने बताया कि केम्प में डॉ. शिवकुमार शर्मा (आयुर्वेद चिकित्सक), डॉ. मदन राजपुरोहित (शिशु चिकित्सक), डॉ. हरिकृष्ण वैष्णव (चिकित्सक), डॉ. प्रतीक दवे (दंत चिकित्सक),डॉ. अंकित अवस्थी (चिकित्सक) डॉ कुलदीप वैष्णव (चिकित्सक), डॉ. जगदीश जी (चिकित्सक), डॉ. .. गर्ग (चिकित्सक), डॉ प्रतिभा गर्ग (चिकित्सक), डॉ. साक्षी दायमा (चिकित्सक), डॉ. स्वाति अवस्थी(चिकित्सक), डॉ. शिवानी वैष्णव(चिकित्सक) के साथ ही बांगड़ हॉस्पिटल के ब्लड डोनेशन की टीम का भी भरपूर सहयोग रहा।

त्रिवेदी ने बताया कि केम्प में 103 यूनिट रक्तदान हुआ । रक्तदाताओ को समाज के जनप्रतिनिधियों व समाज के प्रतिष्ठित व्यक्तियों विधायक भीमराज भाटी, पूर्व विधायक ज्ञानचंद परख, विधायक प्रत्याक्षी महावीर सिंह सुकरलाई, माली समाज अध्यक्ष रमेश सोलंकी, सिखवाल समाज अध्यक्ष सोहनलाल उपाध्याय, महर्षि दधिजी सेवा समिति अध्यक्ष बेनिगोपाल तिवाड़ी, भा.वि.प. अध्यक्ष नूतन बाला कपिला, सरंक्षक बजरंगलाल हुरकट, समन्वयक जगदीश झंवर, प्रमोद दवे आदि ने दुपट्टा, सेटीफिकेट देकर उत्साह वर्धन किया।

शिविर में अभिषेक व्यास, खुशबु दुबे, गौरव शर्मा, मीनाक्षी, लिपिका सोनी, बजरंग दास, मुकेश माली, महिपाल वैष्णव, गजानंद व्यास, रजत तिवारी, अंकित सोनी, पुनीत दुबे, राजेंद्र सिंह,तन्मय मिश्रा, दुष्यंत सोलंकी, भरत भाटी, उमेश राठौड,मनोज जैन, अरुण शर्मा, जयेश शर्मा, अंकित, लोकेश, आशीष, हिमांशु, निखिल भारत निम्बार्क, विकास जोशी, अंकित, लोकेश, दलपत, लक्ष्य,आदि अनके लोगो ने रक्तदान किया। साथ ही जयशंकर त्रिवेदी ने बताया कि 17 अप्रैल शुक्रवार को शिवमंदिर शिवाजी नगर सत्संग भवन में सुन्दरकाण्ड पाठ व 18 अप्रैल शनिवार को व्यास सर्किल से विशाल वाहन रैली का आयोजन किया जा रहा है। समस्त ब्राह्मण समाज से रमाकांत मिश्रा, हरवंश दवे, शिवजी दायमा, अशोक जोशी, प्रदीप दवे, अभिषेक व्यास, हीरालाल व्यास, सुनील जोशी, जगदीश दुबे, ओम जी चतुर्वेदी, अरविन्द चतुर्वेदी, मयंक, पंकज दुबे, पवन पांडे, अशोक पांडे, जयेश शर्मा आदि ने सहयोग किया।

जैसलमेर कलैक्टर अनुपमा जोरवाल ने कार्य संभाला

जैसलमेर, (नि.सं.)। भारतीय प्रशासनिक सेवा की वरिष्ठ अधिकारी अनुपमा जोरवाल (आईएएस) ने गुरुवार को जैसलमेर जिला कलैक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट के रूप में पदभार ग्रहण किया। उनके कार्यभार संभालते ही जिले में प्रशासनिक कार्यप्रणाली को नई दिशा एवं गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

पदभार ग्रहण करने के उपरांत जिला कलैक्टर जोरवाल ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ चर्चा कर प्रशासनिक गतिविधियों, जन कल्याणकारी योजनाओं एवं राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने स्पष्ट किया कि आमजन से जुड़े कार्यों में संवेदनशीलता, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी।

पूर्व में समग्र शिक्षा अभियान, राजस्थान, जयपुर में परियोजना निदेशक के रूप में सेवाएं दे चुकी जोरवाल का जैसलमेर से पूर्व अनुभव भी रहा है, जिससे उन्हें जिले की आवश्यकताओं एवं चुनौतियों की गहन समझ है। उन्होंने कहा कि जिले में पर्यटन विकास को गति देना, आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करना एवं आमजन की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना उनकी कार्यशैली का प्रमुख हिस्सा रहेगा।

अतिरिक्त जिला कलक्टर परसाराम सैनी, उपखण्ड अधिकारी सक्षम गोयल, सहायक कलक्टर रोहित वर्मा एवं सहायक निदेशक सूचना एवं जनसम्पर्क प्रवीण प्रकाश चौहान सहित अधिकारियों ने उनका स्वागत करते हुए पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया।

विरोध जताया

रेवदर, (निसं)। शिक्षकों की जनगणना ड्यूटी लगाने में गडबड़ी का आरोप लगाते हुए राजस्थान शिक्षक संघ(प्रगतिशील) के प्रदेश मुख्य महामंत्री धर्मेन्द्र गहलोत के नेतृत्व में उपखण्ड अधिकारी राजन लोहिया व तहसीलदार मंजू देवासी को ज्ञापन दिया।

ज्ञापन में जनगणना ड्यूटी में शासन के आदेश की अनदेखी का आरोप एवं पीड़ितों की अविलम्ब ड्यूटा निरस्त करने की मांग रखी।

इस अवसर पर जिला कोषाध्यक्ष रमेश रांगी, तहसील अध्यक्ष राहुल कुमार, मंत्री शकील खोखर,वरिष्ठ उपाध्याय धर्मेन्द्र खत्री,महिपाल सिंह देवड़ा, भानाराम कोली,हरीश कुमार, निखिल गर्ग,सचिन सैनी,भगाराम मीना, कांतिलाल गर्ग, हंजारीराम सुथार,संजय कुमार सहित कई जने उपस्थित थे।

सर्वसमाज ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया

सायला, (निसं)। सायला क्षेत्र में भू-माफियाओं द्वारा एक संगठित गिरोह बनाकर फर्जी रजिस्ट्री के जरिए करीब साढे पांच करोड रुपये की ठगी के मामले में गुरुवार को सर्वसमाज के बैनर तले ग्रामीणों ने उपखण्ड अधिकारी सूरजभान बिश्नोई को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में मुख्य आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी और उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि भू-माफियाओं ने एक सोची-समझी साजिश के तहत फर्जी दस्तावेज तैयार किए। गिरोह ने उदयमंदिर थाने के हिस्ट्रीशीटर विनोद सोनी को असली खातेदार के स्थान पर डमी (नकली) विनोद जैन बनाकर पेश किया तथा विधिक प्रक्रिया का दुरुपयोग करते हुए आसाना स्थित एक कृषि भूमि की फर्जी रजिस्ट्री करवा दी गई।

खरीददार पीडति जबरसिंह और उनके पांच भाइयों को लगभग 5.5 करोड रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है। इस मामले में पीडित जबरसिंह द्वारा पूर्व में ही पुलिस को विस्तृत रिपोर्ट सौंपी जा चुकी है।

मामले में उपपंजीयक सायला, विनोद सोनी (डमी व्यक्ति / हिस्ट्रीशीटर), रमेश पुरोहित आसाणा, छगनसिंह चम्पावत, रमेश माली एडवोकेट, करणसिंह थलवाड़ गौतमचंद जैन, दौलत आचार्य व जीवनदान को नामजद किया था। इसके बाद पुलिस को दी एक अन्य रिपोर्ट में इस पूरे षडयंत्र का मुख्य सूत्रधार सायला निवासी भू-माफिया मांगीलाल फोलामुथा जैन को बताया है।

ज्ञापन में बताया कि घटना के कई दिन बीत जाने के बावजूद पुलिस प्रशासन मुख्य आरोपियों को पकडने में नाकाम रहा है, जिससे क्षेत्र की जनता में भारी रोष है।

ज्ञापन में चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि शीघ्र ही दोषियों को गिरफ्तार कर पाडित परिवार को न्याय नहीं दिलाया गया, तो सर्व समाज द्वारा व्यापक जन-आंदोलन किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष रमिला मेघवाल, ब्लॉक अध्यक्ष सवाईसिंह चंपावत, जालोर ब्लॉक अध्यक्ष भोमाराम मेघवाल, एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष खसाराम मेघवाल, संगठन महामंत्री इंद्रसिंह दहिया, ओटवाला सरपंच दीपाराम मेघवाल, सायला नगर अध्यक्ष नागेश जैन, पूर्व उपसरपंच प्रकाश मेघवाल ने धरनास्थल पर पीडित पक्ष से मुलाकात कर आंदोलन में सहयोग की बात कही।

फर्जी रजिस्ट्री प्रकरण में पुलिस ने गौतमचंद जैन, दौलत आचार्य व विशालसिंह को गिरफ्तार किया है। जिन्हें न्यायालय द्वारा पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। जबकि अन्य आरोपी अभी भी पुलिस गिरफ्त से दूर है।

तलाक व रुपए नहीं देने पर पत्नी ने दी धमकी

जोधपुर, (कासं)। खांडा फलसा थाना इलाके में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। एक महिला ने पति से पांच लाख रुपए और तलाक की मांग करते हुए सुसाइड की धमकी दी है।

आरोप है कि महिला शादी के बाद से ही पति को शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रही है और पहले भी तीन बार सुसाइड की कोशिश कर चुकी है। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर पत्नी के खिलाफ अवैध वसूली और धमकाने का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार सरदारपुरा तीसरी ए रोड क्षेत्र के रहने वाले युवक ने अपनी पत्नी के खिलाफ रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट में बताया गया है कि दोनों का विवाह 8 दिसंबर 2024 को बिना दहेज के हुआ था। शादी के बाद पत्नी ने ससुराल में केवल एक दिन बिताया और पीहर चली गई। समझाइश के बाद वह वापस आई, लेकिन 10-15 दिन रुकने के बाद फिर लौट गई। परिवादी का आरोप है कि पत्नी ने हमेशा यही कहा कि यह शादी उसकी मर्जी के खिलाफ माता-पिता के दबाव में हुई है।

राजस्थान पुलिस के स्थापना दिवस पर हुए कई कार्यक्रम

जोधपुर, (कासं)। 77वें राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस के गौरवमयी अवसर पर गुरूवार को जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट के रातानाडा स्थित पुलिस लाइन के परेड ग्राउंड में समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के दौरान विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए।

कार्यक्रम की शुरुआत अनुशासित परेड से हुई, जिसमें पुलिस जवानों ने कदम से कदम मिलाकर अपने बेजोड़ तालमेल और अनुशासन का प्रदर्शन किया। पुलिस कमिश्नर शरत कविराज ने परेड का निरीक्षण किया और जवानों की सलामी ली। समारोह के दौरान पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। इस अवसर पर जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, सेवानिवृत्त अधिकारी और पुलिसकर्मियों के परिजन भी मौजूद रहे।

आज ग्रामीण पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस कर्मियों एवं उनके परिजनों के स्वास्थ्य लाभ हेतु एक निःशुल्क होम्योपैथी चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अनुभवी चिकित्सकों द्वारा मरीजों की जांच कर उन्हें निःशुल्क दवाइयां वितरित की गईं।

शिविर का विधिवत उद्घाटन ग्रामीण पुलिस अधीक्षक पीडी नित्या एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भोपाल सिंह लखावत द्वारा किया गया। इस अवसर पर उपस्थित पुलिस बल को संबोधित करते हुए एसपी पीडी नित्या ने कहा कि पुलिस कर्मी दिन-रात तनावपूर्ण परिस्थितियों में कार्य करते हैं, ऐसे में उनके स्वास्थ्य का ध्यान रखना हमारी प्राथमिकता है। होम्योपैथी चिकित्सा पद्धित न केवल प्रभावी है बल्कि इसके कोई दुष्प्रभाव भी नहीं हैं। शिविर में चिकित्सा टीम का नेतृत्व वरिष्ठ होम्योपैथी चिकित्सक डॉ. राम सिंह सोलंकी ने किया। उनके साथ टीम में डॉ. मोनिका सोलंकी, डॉ. दिनेश भाटी, महेश कच्छवाहा थे। शिविर के दौरान लगभग 50 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। सभी को परामर्श के साथ निःशुल्क दवाइयां भी उपलब्ध कराई गई।

पाली संवाददाता के अनुसार : पाली पुलिस लाइन में गुरुवार को सुबह पुलिस दिवस के अवसर पर जोधपुर रेंज के पुलिस महा निरीक्षक सत्येंद्र सिंह ने पुलिस जवानों की सलामी ला। पुलिस बैंड के मधुर ध्वनि के साथ जवानों ने सेरेमनी परेड की प्रस्तुति दी। गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इनके साथ पाली पुलिस अधीक्षक मोनिका सेन ने पाली पुलिस रेंज में उत्कर्ष कार्य करने वाले अधिकारियों और जवानों को बैच लगाकर सम्मानित किया। इसके बाद पुलिस लाइन परीक्षा में पौधारोपण कार्यक्रम भी हुआ। वहीं पुलिस लाइन के निरीक्षण के साथ अतिथियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस अवसर पर रिटायर्ड पुलिस अधिकारी व जिले के समस्त पुलिस अधिकारी मौजूद थे। जिले के तीनों अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, ग्रामीण सिटी सी ओ और थाना अधिकारी मौजूद रहे।

जांच शिविर जारी

जालोर, (कासं)। सौ दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जालोर जिले में टीबी उन्मूलन को गति देने के उद्देश्य से विभिन्न आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर निरंतर विशेष जांच शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. असीम परिहार ने जानकाारी देते हुए बताया कि गुरुवार को जसवंतपुरा ब्लॉक के आयुष्मान आरोग्य मंदिर डोरडा में विशेष जांच शिविर का आयोजन किया गया।

सम्मन बनाम रेस्पोडेण्ट
अज आदालत श्रीमान् राजस्व अपील अधिकारी मुकाम पाली केम्प जालोर
अपीलाण्ट - गटू देवी बनाम रेस्पोडेण्ट - उत्तमचंद
दावा बाबत् अपील अन्तर्गत धारा 225 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम
अपील नम्बर - 52/2025- ता. पेशी 20.05.2026
बनाराजगी फैसला अदालत सहायक कलेक्टर जालोर
मवरखा 21 माह 04 सन् 2025

मुसम्मी 2. ओबाराम पुत्र हबताराम 3 प्रकाश पुत्र हबताराम 4. मोकी देवी पुत्र हबताराम 5 रेखा कुमारी पुत्री हबताराम 6 जगाराम पुत्र देवा 7 जोगा पुत्र नवा 8 भलाराम पुत्र चेला राम 9 रामा राम पुत्र देवाराम 10 सुजा राम पुत्र देवा 11 वरजु पत्नी मोडा फौत के कायम मुकाम 11/1 नेताराम पुत्र मोडा 11/2 भंवराराम पुत्र मोडा 11/3 जवानाराम पुत्र मोडा तमाम जातियान कलबी, निवासीगण गोल, उम्मेदाबाद, तहसील व जिला जालोर, 12 दिपक एन जैन पुत्र नेमीचंद जाति जैन निवासी गोल उम्मेदाबाद, तहसील व जिला जालोर 13 मोड सिंह पुत्र धनसिंह, जाति राजपुत निवासी गोल उम्मेदाबाद, तहसील व जिला जालोर 14 वागीया पुत्र बेलीया फौत के कायम मुकाम 14/1 गोपाराम पुत्र वागीया 14/2 सोनाराम पुत्र वागीया 14/3 सुरेश पुत्र वागीया 14/4 पोनी देवी पुत्री वागीया 14/5 खेकी देवी पुत्री वागीया 14/6 माफी देवी पुत्री वागीया 14/7 टमकी देवी पुत्री वागीया 14/8 शांति देवी पुत्री वागीया 14/9 दरगाराम पुत्र वागीया फौत के कायम मुकाम 14/9/1 रेशमी कुमारी पुत्री दरगाराम तमाम जातियाण कलबी निवासीगण गोल उम्मेदाबाद, तहसील व जिला जालोर 15 भूमिधारी तहसीलदार जालोर जरिये हाजा इत्तिला दी जाती है कि अपीलांट ने आपके खिल